SAMARTH BHARAT
समर्थ भारत

भाऊराव देवरस सेवा न्यास
सेवा हि परमो धर्मः

# समर्थ गाथा




## मासिक यात्रा
(मई 2025 )

हेल्प लाइन नंबर
8595887700
www.samarthbharat.net
contact@samarthbharat.com

Follow Us

# सारांश

मई 2025 में समर्थ भारत ने कौशल विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल कीं। दिल्ली के जैतपुर, बदरपुर और जयपुर के जवाहर नगर में दो नए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्रों की शुरुआत की हुई।
संगम विहार (दिल्ली) और नूंह (मेवात) में एसी, फ्रिज, होम अप्लायंसेस रिपेयर तथा संगम विहार में बेकरी प्रशिक्षण के नए बैच की शुरुआत हुई। नूंह स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रथम बैच की परीक्षा भी सफलतापूर्वक आयोजित की गई।
महीने भर में मालवीय नगर, जमरूदपुर, कालकाजी, आदर्श नगर, आईएनए और भाटी माइंस सहित विभिन्न केंद्रों पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित हुए।
वर्तमान में दिल्ली, एनसीआर, पंजाब और राजस्थान के प्रशिक्षण केंद्रों में ब्यूटीशियन, एसी/फ्रिज रिपेयर, बेकरी, टेलरिंग, कारपेंटर, जीडीए, नेल आर्ट आदि कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।
जून 2025 में दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में कई नए प्रशिक्षण बैच शुरू किए जाएंगे, जिससे अधिक युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन मिलेगा।

## परिचय

समर्थ भारत विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों और करियर विकास केंद्रों (सी. डी. सी.) के माध्यम से राष्ट्रीय विकास की एक व्यापक दृष्टि को साकार कर रहा है। कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर और हाशिये पर मौजूद समुदायों को आवश्यक कौशल प्रदान करके उन्हें सक्रिय कार्यबल में भागीदारी के लिए सशक्त बनाना है। यह प्रयास युवाओं में महत्वाकांक्षी मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में कौशल विकास की क्षमता को मजबूत करता है। इसके साथ ही, यह बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने में सक्षम बनाता है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में करियर विकास केंद्र (सीडीसी) स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम की जटिलताओं को समझने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और ज्ञान प्रदान करते हैं। ये केंद्र छात्रों के समग्र विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं, जहाँ उद्योग विशेषज्ञों द्वारा मेंटरशिप से लेकर स्टार्टअप और नवाचार पहलों के लिए मंच उपलब्ध कराया जाता है।

## कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

समर्थ भारत अपने कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से 12 विविध प्रशिक्षण मॉड्यूल्स के साथ हजारों युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पहल एक सकारात्मक वातावरण में प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती है।

## कैरियर डेवलपमेंट सेन्टर (CDC)

दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से समर्थ भारत ने कैरियर डेवलपमेंट सेण्टर स्थापित किए हैं। ये सेंटर छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप की दुनिया में सफलता के लिए मार्गदर्शन, उद्योग विशेषज्ञों का परामर्श, और वेंचर कैपिटलिस्ट्स तक पहुंच प्रदान करते हैं।

# मासिक विकास यात्रा

## एसी, फ्रिज एवं होम अप्लायंसेस रिपेयर कोर्स के पंचम बैच का शुभारंभ




**सं**गम विहार केंद्र पर एसी, फ्रिज एवं होम अप्लायंसेस रिपेयर कोर्स के पंचम बैच का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के साथ हुई, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस उद्घाटन सत्र में कुल 08 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्र प्रमुख श्री सुरेश जी एवं श्री अजय जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सत्र का संचालन इस बैच के प्रशिक्षक श्री मोहित जी द्वारा किया जाएगा, जो इस क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखते हैं।

## एसी, फ्रिज एवं वाशिंग मशीन प्रशिक्षण केंद्र, हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह में प्रथम बैच की परीक्षा



**स**मर्थ भारत द्वारा संचालित एसी, फ्रिज एवं वाशिंग मशीन प्रशिक्षण केंद्र, हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह में प्रथम बैच की परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। परीक्षा में सभी प्रशिक्षणार्थियों की पूर्ण उपस्थिति रही। साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान मिली सीख और अनुभव को लेकर फीडबैक सत्र भी आयोजित किया गया, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सुधार की संभावनाओं का आकलन किया जा सके।

## एसी/रेफ्रिजरेटर कोर्स के द्वितीय बैच का विधिवत शुभारंभ



**स**मर्थ भारत नूंह (मेवात) प्रशिक्षण केंद्र पर एसी/रेफ्रिजरेटर कोर्स के द्वितीय बैच का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस बैच में अब तक कुल 20 प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण हो चुका है, जिनमें से 17 प्रतिभागी पहले दिन उपस्थित रहे। शुभारंभ समारोह में प्रशिक्षण विभाग, जिला समन्वय टीम, प्रशिक्षक एवं केंद्र प्रबंधन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को नियमित उपस्थिति बनाए रखते हुए समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

## बेकरी प्रशिक्षण केंद्र, संगम विहार - द्वितीय बैच का शुभारंभ



**स**मर्थ भारत बेकरी प्रशिक्षण केंद्र, संगम विहार में द्वितीय बैच का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस बैच में कुल 20 प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 7 प्रतिभागी पहले दिन उपस्थित रहे।

# कौशल का सम्मान, सफलता की उड़ान!

### ब्यूटिशियन केन्द्र, आईएनए दिल्ली, प्रमाण पत्र वितरण



### आदर्श नगर ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केंद्र प्रमाण पत्र वितरण



### ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केंद्र, भाटी माइंस, दिल्ली - प्रमाण पत्र वितरण



### कटिंग एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, जमरूदपुर - प्रमाण पत्र वितरण




### एसी एवं फ्रिज रिपेयर प्रशिक्षण – मालवीय नगर तृतीय बैच के प्रमाण पत्र वितरण




### कटिंग एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, शिवाजी सुधार कैंप, कालकाजी - प्रमाण पत्र वितरण



# नये प्रशिक्षण केन्द्र खुले

## नये ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत - जवाहर नगर, जयपुर






जवाहर नगर, जयपुर में एक और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत हुई। यह केंद्र महिलाओं को व्यावसायिक सौंदर्य और मेकअप कौशल में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। समरस भारत सेवा संस्थान एवं भगवान महावीर चाइल्ड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से संचालित यह केंद्र आधुनिक उपकरणों और नवीनतम ट्रेनिंग तकनीकों से सुसज्जित है। इस उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रमेश अग्रवाल जी ( मालिक - अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड ) ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिलाओं के लिए कौशल आधारित शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया।

## जैतपुर, बदरपुर में नए ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत





जैतपुर, बदरपुर में एक नए ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र में प्रथम बैच के प्रशिक्षण की शुरुआत के अवसर पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध भजन गायक श्री ओम प्रकाश पांडे जी द्वारा सुंदरकांड पाठ के साथ हुई, विशेष उल्लेखनीय है कि श्री ओम प्रकाश पांडे जी ने ही समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर अपने स्व-स्वामित्व वाले परिसर को इस केंद्र के संचालन हेतु उपलब्ध कराया।

इस अवसर पर प्रांत प्रशिक्षण समन्वयक श्री नवीन जी की गरिमामयी उपस्थिति पूरे कार्यक्रम के दौरान रही। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, उद्देश्य और भविष्य की योजनाओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

# प्रशिक्षण की मुख्य बातें

## मई 2025 मे पूर्ण हुए बैच

| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | शशि गार्डन | ब्यूटिशियन | 17 |
| | महारानी बाग | ब्यूटिशियन | 20 |
| 2 | आचार्य निकेता, मयूर विहार | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 10 |
| 3 | द्वारका | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 08 |
| 4 | पनवेल, मुंबई | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 20 |

## मई 2025 मे चल रहे बैच

| दिल्ली सामुदायिक केन्द्रो पर चल रहे बैच | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 3 | तुगलकाबाद | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 20 |
| 4 | पुल पहलादपुर | ब्यूटिशियन | 15 |
| | कालका जी | कटिंग एंड टेलरिंग | 08 |
| 5 | संगम बिहार - 1 | ब्यूटिशियन | 20 |
| 6 | संगम विहार - 2 | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 16 |
| | संगम विहार - 3 | बेकरी | 20 |
| | भाटी माइंस - 1 | ब्यूटिशियन | 20 |
| | बिजवासन | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 14 |
| | छावला नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन | 14 |
| 7 | रोशन विहार, नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन | 15 |
| | रावत, नजफगढ़ | ब्यूटिशियन | 13 |
| 8 | कीर्ति नगर, चुन्ना भट्टी | कारपेन्टर | 12 |
| 9 | टैंक रोड | ब्यूटिशियन | 20 |
| दिल्ली एन.सी.आर. सामुदायिक केन्द्रो पर चल रहे बैच | | | |
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 19 | नूंह ( मेवात ) | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 20 |
| अन्य राज्य | | | |
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 20 | लुधियाना, पंजाब | ब्यूटिशियन | 20 |
| 21 | शांति नगर, राजस्थान | ब्यूटिशियन | 20 |
| | जवाहर नगर, राजस्थान | ब्यूटिशियन | 20 |

# जून 2025 में प्रारंभ होने वाले अपेक्षित बैच

| दिल्ली सामुदायिक केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 1 | ओल्ड सीमापुरी | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ.<br>ब्यूटिशियन |
| 2 | जमरूदपुर | कटाई एंड टेलरिंग |
| 3 | भाटी माइंस - 2 | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 5 | बिजवासन | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ.<br>इलेक्ट्रीशियन |
| 6 | पांडावला | हेयर स्टाइलिस्ट |
| 7 | सागरपुर - 1 | डिजिटल मार्केटिंग |
| | सागरपुर - 2 | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 8 | पहाड़गंज | जी डी ऐ |
| 9 | टैंक रोड | नेल आर्ट |

| दिल्ली कॉलेज केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 10 | कॉलेज ऑफ़ वोकेशनल स्टडीज | नेल आर्ट<br>बेकरी |
| 11 | दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज | Flutter |
| 12 | शहीद भगत सिंह कॉलेज | बेकरी<br>नेल आर्ट |
| 13 | श्री अरबिंदो कॉलेज | बेकरी<br>नेल आर्ट |
| 14 | दौलत राम कॉलेज | नेल आर्ट |

| दिल्ली एन.सी.आर. सामुदायिक केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 15 | नरसिंहपुर, गुरुग्राम | ट्रक रिपेयर |
| | सूरत नगर, गुरुग्राम | ब्यूटिशियन |
| | हेट्रिक, फरीदाबाद | कारपेन्टर |
| | दादरी, अछेजा | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |

| अन्य राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 15 | पनवेल, मुंबई | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |

# SAMARTH BHARAT

## Career Development Academy



समर्थ भारत (भाऊराव देवरस सेवा न्यास) युवाओ को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पर केंद्रित एक संगठन है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से, हम लोगों को रोजगार के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।

## COURSES & DURATION

| S.no. | COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Beautician | BE | 3 Month | Female |
| 2 | Nail Art | NA | 1 Month | Female |
| 3 | Bakery | BA | 1 Month | Both |
| 4 | AC/Refrigerator | AR | 1 Month | Male |
| 5 | Home Appliance Technician | HA | 1 Month | Male |
| 6 | RO Repair | RO | 1 Week | Male |
| 7 | Hair Stylist | HS | 1 Month | Both |
| 8 | Plumber | PL | 1 Month | Male |
| 9 | Carpenter | CP | 1 Month | Male |
| 10 | Truck Repair Training | TR | 3 Month | Male |
| 11 | General Duty Assistant | GDA | 3 Month | Both |

| S.no. | COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|---|
| 12 | Cutting & Tailoring | CT | 3 Month | Female |
| 13 | Digital Marketing | DM | 60 hrs | Both |
| 14 | Flutter | FL | 60 hrs | Both |
| 15 | Prompt Engineering | PE | 60 hrs | Both |
| 16 | Python | PT | 60 hrs | Both |
| 17 | Video Editing | VE | 60 hrs | Both |
| 18 | GST & Tally | GT | 60 hrs | Both |
| 19 | Design Thinking | DT | 40 hrs | Both |
| 20 | Startup Bootcamp | SB | 16 hrs | Both |
| 21 | Employability & Personality Development Skills | ED | 40 hrs | Both |
| 22 | Skills to Scale - Develop Growth Mind - Set | DG | 40 hrs | Both |

## CENTERS

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| North East | Old Seemapuri | AR/HA |
| | Seelampur | AR |
| East | Mayur Vihar | AR/RO |
| | Shashi Garden | BE/NA/HS |
| | Maharaja Agrasen College | NA/PE/FL/DM/ |
| | S R College of Applied Science | NA |
| South | Maharani Bagh | BE |
| | Tughlakabad | AR/RO |
| | Kalka Ji | CT |
| | Zamrudhpur | CT |
| | Pul Pehladpur | BE |
| | Sri Aurobindo College | FL |
| | College of Vocational Studies | BA/NA |
| | Dayal Singh College | BA |
| | Deshbandhu College | PE |
| | PGDAV College (Evening) | PE/DT |
| | S B S College (Evening) | BA/NA/DM |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| South West | Bhati Mines | BE/AR/RO |
| | Bijwasan | AR/RO |
| | Deoli | AR/RO |
| | Sangam Vihar | BA/AR |
| | Aryabhatta College | DT |
| | ARSD College | FL/VE/PE/ED |
| | Delhi College of Arts & Commerce | VE |
| West | Chawla, Nahargarh | BE |
| | Dwarka | AR |
| | Pandwala Gaon | HS |
| | Sagarpur | DM |
| | Roshan Vihar, Nahargarh | DM |
| | Bhaskaracharya College | DT |
| | DDU College | DM/FL/NA |
| North West | Kirti Nagar | CP |
| | Bharti College | BA/NA |
| | Shivaji College | FL |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| Central Delhi | Paharganj | GDA |
| | Tank Road | BE/NA |
| | Daulat Ram College | BA |
| | Kirori Mal College | DT |
| | SOL DU (Keshavpuram) | BE/AR/RO/HA |
| | Hansraj College | PE |
| | IP College for women | DT |
| | Ramjas College | DM |
| | Zakir Husahain College | RO/DT |
| | Maitreyi College | NA |
| Delhi NCR | Dadri, Achheja | AR/RO |
| | Hettich-Faridabad | CP |
| | Narsinghpur (APML) | TR |
| | Nuhu, Mewat | AR |

For More Information
8595887700
www.samarthbharat.net

Scan for Registration

Follow Us
@samarthbharatofficial
@samarthbharatofficial
@wesamarthbharat
@samarthbharatofficial
@samarthbharat7812

# बदलाव के लिए साथ आयें

## हमारे कौशल विकास पहल का समर्थन करें

आपका सहयोग हमारे प्रशिक्षण को अधिक सुलभ बनाने और शिक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम बनाता है। आपके योगदान से हम अपनी सेवाओं का विस्तार, सुविधाओं में सुधार, छात्रवृत्तियों का आवंटन और नए पाठ्यक्रम विकसित कर पाते हैं। आइए, हम मिलकर चुनौतियों को दूर करें और नए अवसरों का निर्माण करें। आपकी उदारता स्थायी परिवर्तन लाने और एक कुशल व सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**दान के लिए स्कैन करें**

**बैंक का नाम: SBI**

**बैंक खाता: 40253998409**

**शाखा का नाम: केंद्रीय सचिवालय (00625)**

**IFSC: SBIN0000625**

## अधिक जानकारी के लिए संम्पर्क करें

**शोनाल गुप्ता, संयोजक - ✆ +91-9811190016**
**राकेश कुमार, सह-संयोजक - ✆ +91-9312936894**
**ई-मेल :- contact@samarthbharat.net**
**वेबसाइट :- www.samarthbharat.net**

# समर्थ भारत